एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मरजावां का सॉन्ग एक तो कम जिंदगानी रिलीज, एक बार फिर नोरा फतेही ने दिखाया जलवा

आइकॉनिक सॉन्ग एक तो कम जिंदगानी का रीमेक फाइनली रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और तारा सुतारिया की फिल्म मरजावां में इस रिक्रिएट किए गए इस गाने पर नोरा फतेही अपने जलवे बिखरेते नजर आ रही हैं। एक तो कम जिंदगानी में नोरा फतेही वाइट कलर की शॉर्ट ड्रेस में डांस करते नजर आ रही हैं। साकी साकी और दिलबर की ही तरह इस गाने में भी नोरा फतेही अपने शानदार डांस स्टेप्स से सबके होश उड़ा रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार नोरा फतेही ने इस गाने के लिए कोई फीस नहीं ली है। फीस न लेने पीछे कारण यहा है कि फिल्म निर्माता निखिल आडवाणी और भूषण कुमार ने नोरा फतेही को फिल्म सत्यमेव जयते का दिलबर सॉन्ग ऑफर किया और यह गाना उनका करियर का टर्निंग प्वाइंट बना गया था। नोरा फतेही ने कहा कि निखिल आडवाणी और भूषण कुमार सर ने मुझ दिलबप और साकी साकी में करने का मौका दिया। इसके लिए मैं उनकी हमेशा आभारी रहूंगी। निखिल सर अपनी फिल्मों और गानों पर जिस तरह मेहनत करते हैं, उशकी तरह से स्क्रिप्ट या विजुअल्स बनाते हैं। मुझे हमेशा उनके और उनकी टीम के साथ काम करने में खुशी होती है। एक तो कम जिंदगानी गाने को नेहा कक्कड़ और यश नार्वेकर ने अपनी आवाज दी है और तनिष्क बागची ने म्यूजिक दिया है। बता दें कि इससे पहले भी फिल्म का पहला गाना तुम ही आना रिलीज किया जा चुका है। बता दें कि डायरेक्टर मिलाप जावेरी की फिल्म मरजावां में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तारा सुतारिया के अलावा रितेश देशमुख और रकुलप्रीत सिंह नजर आएंगे। फिल्म 22 नवंबर, 2019 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पिछली बार फिल्म एक विलन में साथ दिखाई दी सिद्धार्थ मल्होत्रा और रितेश देशमुख की जोड़ी एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है।

सोशल मीडिया जरूरी है, लेकिन निजता भी महत्वपूर्ण

फिल्म जजमेंटल है क्या और प्रस्थानम में नजर आ चुकीं अभिनेत्री अमायरा दस्तूर का कहना है कि वह वर्चुअल और वास्तविक जीवन में तालमेल बिठा कर चलने में भरोसा करती हैं। इसके साथ ही उन्हें सोशल मीडिया पर छोटी बातचीत से अधिक सामने बैठ कर लोगों से देर तक बातें करना पसंद है। सोशल मीडिया को लेकर अमायरा ने कहा, मैं उन लोगों में से नहीं हूं, जो उन पार्टियों में जाकर सामाजिक बनने की कोशिश करते हैं, जहां कई सितारे मौजूद रहते हैं, क्योंकि मैं इससे बहुत विपरीत हूं। इसके अलावा मैं लोगों से फिल्म के सेट पर जुड़ना पसंद करती हूं, अभिनय के बारे में बात करना पसंद करती हूं, फिल्माने के तौर-तरीकों को देखती हूं और बड़े सितारे जैसे संजय दत्त सर और मनीषा कोईराला जी के साथ बातचीत करना पसंद करती हूं। फिल्म के सेट पर रहने के दौरान मैं सबसे ज्यादा खुश रहती हूं। अभिनेत्री ने आगे कहा, जब मैं काम नहीं कर रही होती तब उस दौरान मुझे यात्रा करना अच्छा लगता है, खास कर सोलो ट्रिप पर, जहां मैं अपना बैग पैक करती हूं और वहां चल देती हूं, जहां मुझे नए व्यंजन, संस्कृति और लोगों के बारे में जानने का मौका मिले। हां बिल्कुल मैं सोशल मीडिया से जुड़े रहना चाहती हूं, लेकिन मैं वह आखिरी इंसान बनना चाहती हूं जो कभी कभी तस्वीरें पोस्ट करता हो, वह भी इसलिए ताकि थोड़ा बहुत लाइक मिल जाए।

राजकुमार स्टारर मेड इन चाइना में जल्द नजर आने वाली अभिनेत्री ने आगे कहा, मेरे ख्याल से सोशल मीडिया पर ज्यादा नजर आने के साथ ही, अपनी निजता बनाए रखना भी काफी महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि मैं अगर अपनी जिंदगी सिर्फ सोशल मीडिया पर ही जीती हूं, तो अपने वास्तविक काम, जो अभिनय है, उसमें अपने प्रशंसकों को कुछ खास नहीं दे पाऊंगी। मुझे उन्हें थोड़ा स्पेस देना होगा, जिससे वे मेरे प्रदर्शन से मुझे ढूंढ़ सकें।

वॉर को मिला प्यार बेहद खास है: वानी कपूर

वानी कपूर स्टारर फिल्म वॉर बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर रही है. फिल्म की सफलता को लेकर इसकी टीम इन दिनों काफी खुश नजर आ रहे हैं. फिल्म की सक्सेस को लेकर वानी का कहना है कि वो इसे लेकर काफी खुश हैं. उन्होंने कहा कि जब किसी कलाकार को उसके फैंस का प्यार मिलता है तो ये खास अनुभव होता है. इस पर वानी ने कहा, फिल्म के लिए मुझे बहुत ही अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है. दर्शक इसे पसंद कर रहे हैं और मुझे मेरे दोस्तों, परिवार और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से फैंस के कई मैसेज मिले. जब आपके फैंस आपके काम को पसंद करते हैं तो काफी अच्छा महसूस होता है. यह चीज कलाकारों को और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करती है. उन्होंने बताया, दो सुपरस्टार्स के साथ काम करना मेरे लिए ट्रीट पाने जैसा था. दोनों ही शानदार हैं और उनके काम करने का अपना अनोखा और अलग तरीका है. मुझे उनके साथ काम करने में काफी मजा आया और बहुत कुछ सीखने भी मिला.